Seventeenth Loksabha

p>

Title: Request the government to stop the regligious conversion and the reservation availed by people after conversion.

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट) : महोदय, निशिकांत जी ने जिस विषय को उठाया है, मैं उसी को अपने क्षेत्र और प्रदेश के हिसाब से कह रहा हूं कि इस समय पर धर्मांतरण पूरे प्रदेश में तेजी के साथ फैल रहा है । विशेषकर ग्रामीण इलाकों में जो गरीब और कमजोर लोग हैं, उनको धन का लालच देकर धर्मांतरण के लिए उकसाया जा रहा है । यहां नियमों का पालन किए बिना धर्म परिवर्तन कराया जाता है । ग्रामीण इलाकों में धर्म परिवर्तन करने वाले व्यक्ति और अन्य व्यक्ति के बीच में भारी विवाद हो रहा है, जिसके कारण मेरे यहां पर पिछले समय गणेश पूजा और दुर्गा पूजा उत्सव के अवसर पर लोगों ने पूजा उत्सव करने पर मना किया और उसके कारण झगड़े हुए । इस तरह से समाज के बीच में एक विवाद की स्थिति पैदा हो रही है और वहां धार्मिक उन्माद फैल रहा है । जो व्यक्ति धर्मांतरण कराता है, वह पूर्व नाम का उपयोग करता है । वह धर्म परिवर्तन करने पर पुराना नाम ही ऑरिजनल रखता है और उसका लाभ भी लेता है ।

मैं चाहता हूं कि इस तरह से धर्मांतरण के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत उन्माद फैल रहा है, उसके ऊपर रोक लगे । धर्मांतरण करने के बाद जो लोग इसका लाभ लेते हैं, उनको किसी तरह से आरक्षण का लाभ न दिया जाए ।